# नैतिक शिक्षा
## कक्षा-आठवीं
## प्रश्न पत्र प्रारूप

*समय : 3 घंटे* *अधिकतम अंक : 80*

**I. शैक्षणिक महत्त्व एवं उद्देश्य**

| उद्देश्य | विस्तृत उत्तरीय | लघूत्तरीय | अति लघूत्तरीय | बहुवैकल्पिक | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| अंक प्रतिशत | 25% | 37.5% | 25% | 12.5% | 100% |
| अंक | 20 | 30 | 20 | 10 | 80 |

**II. प्रश्नों का वर्गीकृत महत्त्व :**

| प्रश्नों के प्रकार | विस्तृत उत्तरीय | लघूत्तरीय | अति लघूत्तरीय | बहुवैकल्पिक | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्नों की संख्या | 4 | 10 | 10 | 10 | 34 |
| अंक | 20 | 30 | 20 | 10 | 80 |

### प्रश्नानुसार विश्लेषण

| क्रम संख्या | पाठ का नाम | प्रश्नों का प्रकार | निर्धारित अंक | विभाजन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ओ३म् ध्वज | बहुवैकल्पिक | 1 | सरल |
| 2. | ओ३म् ध्वज | बहुवैकल्पिक | 1 | सामान्य |
| 3. | आत्मबोध | बहुवैकल्पिक | 1 | सामान्य |
| 4. | आत्मबोध | बहुवैकल्पिक | 1 | सामान्य |
| 5. | गायत्री जप का प्रभाव | बहुवैकल्पिक | 1 | सरल |
| 6. | गायत्री जप का प्रभाव | बहुवैकल्पिक | 1 | कठिन |
| 7. | न्यायमूर्ति डॉ. मेहरचंद महाजन | बहुवैकल्पिक | 1 | सरल |
| ८ | न्यायमूर्ति डॉ. मेहरचंद महाजन | बहुवैकल्पिक | 1 | सामान्य |
| 9. | राष्ट्रीय गीत | बहुवैकल्पिक | 1 | सामान्य |
| 10. | राष्ट्रीय गीत | बहुवैकल्पिक | 1 | सामान्य |
| 11. | ईश्वर का सर्वश्रेष्ठ नाम | अति लघूत्तरीय | 2 | कठिन |
| 12. | गीता के दो श्लोक | अति लघूत्तरीय | 2 | सरल |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13. | डी॰ए॰वी॰ गान | अति लघूत्तरीय | 2 | सामान्य |
| 14. | योग की पहली सीढ़ी : यम | अति लघूत्तरीय | 2 | सामान्य |
| 15. | योग की द्वितीय सीढ़ी : पाँच नियम | अति लघूत्तरीय | 2 | सामान्य |
| 16. | वर्ण व्यवस्था का स्वरूप | अति लघूत्तरीय | 2 | सरल |
| 17. | आश्रम व्यवस्था | अति लघूत्तरीय | 2 | सामान्य |
| 18. | किस दर जाऊँ मैं | अति लघूत्तरीय | 2 | सरल |
| 19. | डी॰ए॰वी॰ संस्थाएँ | अति लघूत्तरीय | 2 | सरल |
| 20. | न्यायमूर्ति डॉ. मेहरचन्द महाजन | अति लघूत्तरीय | 2 | सामान्य |
| 21. | ईश्वर का सर्वश्रेष्ठ नाम | लघूत्तरीय | 3 | सामान्य |
| 22. | गीता के दो श्लोक | लघूत्तरीय | 3 | सामान्य |
| 23. | गायत्री जप का प्रभाव | लघूत्तरीय | 3 | सरल |
| 24. | योग की पहली सीढ़ी : यम | लघूत्तरीय | 3 | सामान्य |
| 25. | योग की द्वितीय सीढ़ी : नियम | लघूत्तरीय | 3 | सामान्य |
| 26. | वर्ण व्यवस्था का स्वरूप | लघूत्तरीय | 3 | सामान्य |
| 27. | आश्रम व्यवस्था | लघूत्तरीय | 3 | सामान्य |
| 28. | सत्यार्थ प्रकाश | लघूत्तरीय | 3 | सरल |
| 29. | सत्यार्थ प्रकाश | लघूत्तरीय | 3 | सामान्य |
| 30. | डी॰ए॰वी॰ संस्थाएँ | लघूत्तरीय | 3 | सामान्य |
| 31. | संस्कृत भाषा | विस्तृत उत्तरीय | 5 | सामान्य |
| 32. | राष्ट्रभाषा हिन्दी | विस्तृत उत्तरीय | 5 | सरल |
| 33. | पञ्च महायज्ञ | विस्तृत उत्तरीय | 5 | कठिन |
| 34. | आर्यसमाज के नियम | विस्तृत उत्तरीय | 5 | सामान्य |

**सारांश**

| | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|
| कठिन प्रश्न | 8 | 10% |
| सामान्य प्रश्न | 50 | 62.5% |
| सरल प्रश्न | 22 | 27.5% |
| कुल अंक | 80 | 100% |

# पाठानुसार अंक विभाजन योजना

| क्र.सं. | पाठ का नाम | प्रश्न अंक / प्रश्न संख्या | | | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ओ३म् ध्वज | | | | 1(2) | 2 |
| 2. | ईश्वर का सर्वश्रेष्ठ नाम | | 3(1) | 2(1) | | 5 |
| 3. | आत्मबोध | | | | 1(2) | 2 |
| 4. | गीता के दो श्लोक | | 3(1) | 2(1) | | 5 |
| 5. | गायत्री जप का प्रभाव | | 3(1) | | 1(2) | 5 |
| 6. | संस्कृत भाषा | 5(1) | | | | 5 |
| 7. | राष्ट्रभाषा: हिन्दी | 5(1) | | | | 5 |
| 8. | पञ्च महायज्ञ | 5(1) | | | | 5 |
| 9. | डी॰ए॰वी॰ गान | | | 2(1) | | 2 |
| 10. | योग की पहली सीढ़ी:यम | | 3(1) | 2(1) | | 5 |
| 11. | योग की दूसरी सीढ़ी: पाँच नियम | | 3(1) | 2(1) | | 5 |
| 12. | वर्ण व्यवस्था का स्वरूप | | 3(1) | 2(1) | | 5 |
| 13. | आश्रम व्यवस्था | | 3(1) | 2(1) | | 5 |
| 14. | किस दर जाऊँ मैं | | | 2(1) | | 2 |
| 15. | आर्य समाज के नियम (7-10) | 5(1) | | | | 5 |
| 16. | सत्यार्थ प्रकाश | | 3(2) | | | 6 |
| 17. | डी॰ए॰वी॰ संस्थाएँ | | 3(1) | 2(1) | | 5 |
| 18. | न्यायमूर्ति डॉ. मेहर चन्द महाजन | | | 2(1) | 1(2) | 4 |
| 19. | राष्ट्रीय गीत | | | | 1(2) | 2 |
| | कुल प्रश्न संख्या | 4 | 10 | 10 | 10 | 34 |
| | कुल अंक | 20 | 30 | 20 | 10 | 80 |

# आदर्श प्रश्न-पत्र ( प्रथम ) 2024-25
## कक्षा-आठवीं
## विषय-नैतिक शिक्षा

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड (क, ख, ग और घ) हैं।
3. इस प्रश्न पत्र में कुल 34 प्रश्न हैं।
4. उत्तरपुस्तिका में प्रश्नों की वही प्रश्न संख्या लिखिए जो प्रश्न-पत्र में अंकित है।

### खण्ड-क ( बहुवैकल्पिक प्रश्न )

1. 'व्योम' शब्द का अर्थ है– (1)
(क) आदि (ख) पृथ्वी (ग) आकाश (घ) पाताल

2. कवि कैसे रवि का शुभ उदयन चाहते हैं? (1)
(क) पुरातन (ख) वैदिक (ग) पौराणिक (घ) भारतीय

3. अनादि नाद कौन-सा है? (1)
(क) भगवान (ख) मनुष्य (ग) प्राणी (घ) ओ३म्

4. 'विवेक' शब्द का अर्थ है– (1)
(क) शिक्षा (ख) बुद्धि (ग) प्यार (घ) सम्मान

5. स्वामी विरजानन्द जी को किस मन्त्र के जाप से सिद्धि प्राप्त हुई थी? (1)
(क) गायत्री मन्त्र (ख) ओ३म् मन्त्र
(ग) आचमन मन्त्र (घ) समर्पण मन्त्र

6. गायत्री के जाप से किसकी मलिनता दूर होती है? (1)
(क) मन (ख) आत्मा (ग) बुद्धि (घ) चित्त

7. बालक मेहरचन्द महाजन को कितने वर्ष घर से दूर रहना पड़ा? (1)
(क) बारह वर्ष (ख) दस वर्ष (ग) सात वर्ष (घ) ग्यारह वर्ष

8. मेहरचन्द महाजन जी को कश्मीर का प्रधानमंत्री किसने बनाया? (1)

(क) श्री लाल बहादुर शास्त्री (ख) पं. जवाहर लाल नेहरू

(ग) सरदार पटेल (घ) राजा हरी सिंह

9. 'ज्योत्स्ना' शब्द का अर्थ है– (1)

(क) अन्धेरा (ख) हरियाली (ग) सुन्दर (घ) चाँदनी

10. राष्ट्रीय गीत कविता में 'शस्य श्यामलाम् किसे कहा गया है? (1)

(क) आकाश को (ख) भारत भूमि को

(ग) गृह भूमि को (घ) जर्मन धरा को

## खण्ड-ख

11. गुरुनानक देव जी ने 'ओ३म्' के विषय में क्या कहा है? (2)

12. 'कदाचन' और 'देही' शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

13. 'सुख समृद्धि इस की लहरें' का अर्थ लिखिए। (2)

14. मनुस्मृति के अनुसार हमें कैसा सत्य बोलना चाहिए? (2)

15. धन की शुद्धि का क्या अभिप्राय है? (2)

16. चारों वर्णों के नाम लिखिए। (2)

17. चारों आश्रमों की निर्धारित आयु लिखिए। (2)

18. भक्त को भगवान से मिलने में कौन रुकावट पैदा करते हैं? (2)

19. डी०ए०वी० संस्था के उद्देश्य लिखिए। (2)

20. डी०ए०वी० मैनेजिंग कमेटी ने डॉ. मेहरचन्द महाजन की सेवाओं को चिरस्थायी बनाने के लिए क्या किया? (2)

## खण्ड-ग

21. ईश्वर अनन्त गुण सम्पन्न होने से उसके नाम भी अनन्त हैं, स्पष्ट कीजिए। (3)

22. अर्जुन ने श्रीकृष्ण से युद्ध के लिए क्यों मना कर दिया? (3)

23. गायत्री महिमा का वर्णन कीजिए। (3)

24. 'स्तेय' (चोरी) के अन्य रूप लिखिए। (3)

25. गीता में वर्णित तपों की व्याख्या कीजिए। (3)

26. वर्ण व्यवस्था का आधुनिक रूप लिखिए। (3)

27. ऋषि-मुनियों के अनुसार विद्यार्थी जीवन का क्या महत्त्व है? (3)

28. ईश्वर के 'विराट' और 'अग्नि' नामों को स्पष्ट कीजिए। (3)

29. स्वराज्य के विषय में स्वामी दयानन्द जी के विचार स्पष्ट कीजिए। (3)

30. डी॰ए॰वी॰ के मितव्ययता, गुण को स्पष्ट कीजिए। (3)

## खण्ड-घ

31. संस्कृत भाषा और भारतवासियों का माता व पुत्र का सम्बन्ध किस प्रकार है? (5)

**अथवा**

डॉ. राम मनोहर लोहिया और महात्मा गाँधी के संस्कृत विषयक विचार लिखिए।

32. गुरु गोविन्द सिंह जी ने हिन्दी के लिए क्या किया? (5)

**अथवा**

डॉ. रघुवीर जी और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के हिन्दी विषयक विचार लिखिए।

33. 'पितृयज्ञ' की विधि लिखिए। (5)

**अथवा**

सम्पूर्ण संसार में कितने गुण हैं, स्पष्ट कीजिए।

34. सातवें नियम के अनुसार अन्य लोगों के साथ हमारा कैसा व्यवहार होना चाहिए? संक्षिप्त वर्णन करें। (5)

**अथवा**

व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, आर्य समाज की विचारधारा किस प्रकार समाज का कल्याण कर सकती है?

# आदर्श प्रश्न-पत्र (द्वितीय) 2024-25
## कक्षा-आठवीं
## विषय-नैतिक शिक्षा

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड (क, ख, ग और घ) हैं।
3. इस प्रश्न पत्र में कुल 34 प्रश्न हैं।
4. उत्तरपुस्तिका में प्रश्नों की वही प्रश्न संख्या लिखिए जो प्रश्न-पत्र में अंकित है।

---

### खण्ड-क (बहुवैकल्पिक प्रश्न)

1. 'ध्रुव' शब्द का अर्थ है– (1)

   (क) अटल (ख) रुकना (ग) सोचना (घ) भागना

2. हमारी वृत्ति कैसी होनी चाहिए? (1)

   (क) स्वार्थी (ख) सांसारिक (ग) त्यागपूर्ण (घ) भौतिक

3. वीतराग योगी किसे नहीं भूलते? (1)

   (क) माता-पिता (ख) आचार्य (ग) वेद (घ) ओ३म्

4. 'धरे' शब्द का अर्थ है– (1)

   (क) प्यार (ख) धारण करना (ग) सम्मान (घ) कीर्ति

5. 'धीमहि' का क्या अर्थ है ? (1)

   (क) विचार करें (ख) सोचें (ग) धारण करें (घ) प्राप्त करें

6. गायत्री की सिद्धि से मनुष्य किसका साक्षात्कार कर सकता है? (1)

   (क) शिव (ख) विष्णु (ग) कृष्ण (घ) ब्रह्म

7. डॉ. मेहरचन्द महाजन जी का देहावसान कब हुआ? (1)

   (क) 1967 ई. (ख) 1868 ई. (ग) 1947 ई. (घ) 1950 ई.

8. मेहरचन्द महाजन ने बी.ए. की परीक्षा कब पास की? (1)

(क) 1920 ई. (ख) 1960 ई. (ग) 1930 ई. (घ) 1910 ई.

9. 'वरदां' शब्द का अर्थ है– (1)

(क) सुख देने वाली (ख) वर देने वाली

(ग) ह्रास देने वाली (घ) शोभा देने वाली

10. भारत भूमि किससे शोभायमान हो रही है? (1)

(क) फूलों वाले वृक्षों से (ख) पक्षियों के कलरव से

(ग) मनमोहक हवा से (घ) भारतीयों से

## खण्ड-ख

11. ओ३म् की कोई दो महिमा लिखिए। (2)

12. 'मा' और 'गृह्णाति' शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

13. 'वेद प्रणीता परम पुनीता' का अर्थ लिखिए। (2)

14. अहिंसा से क्या अभिप्राय है? (2)

15. स्वाध्याय के दो अर्थ लिखिए। (2)

16. वर्ण व्यवस्था किसके आधार पर होती थी? (2)

17. ऋषि-मुनियों के अनुसार लड़के-लड़कियों की विवाह की न्यूनतम आयु क्या है? (2)

18. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (2)

तू है ........................ वरों का दाता, तुझसे सब ..................... पाते हैं।

19. डी॰ए॰वी॰ की स्थापना में किन महापुरुषों का विशेष योगदान रहा? (2)

20. डॉ॰ मेहरचन्द महाजन जी की बुद्धि की सूक्ष्मता एवं न्याय निपुणता कैसे प्रकट होती है? (2)

## खण्ड-ग

21. ओ३म् का जाप किस प्रकार हृदय की ज्योति प्रकट करता है? (3)

22. श्रीकृष्ण ने अर्जुन का मोह दूर करने के लिए क्या उपदेश दिया? (3)

23. सविता शक्ति द्वारा मानवी पुरुषार्थ के बारे में लिखिए। (3)

24. यम कितने हैं? उनके नाम लिखिए। (3)

25. धन की शुद्धि का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए। (3)

26. समाज को सम्पन्न बनाने में वैश्य क्या संकल्प लेता है? (3)

27. संन्यास आश्रम में कैसे व्यक्ति को प्रवेश करना चाहिए? (3)

28. ईश्वर के 'बृहस्पति' और 'विष्णु' नामों के अर्थ लिखिए। (3)

29. सत्यार्थ प्रकाश में वर्णित आदर्श राजा के गुण लिखिए। (3)

30. तर्कपूर्वक सिद्ध कीजिए कि डी॰ए॰वी॰ आत्मनिर्भर संस्था है। (3)

**खण्ड-घ**

31. हमें संस्कृत भाषा का अध्ययन क्यों करना चाहिए? (5)

**अथवा**

गुरु गोविन्द सिंह जी संस्कृत के बड़े भक्त थे। कैसे?

32. राजर्षि टंडन अंग्रेजी के लिए पन्द्रह वर्ष की छूट देना क्यों नहीं चाहते थे? (5)

**अथवा**

आर्य समाज ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए क्या कार्य किए?

33. अतिथि यज्ञ की विधि लिखिए। (5)

**अथवा**

धरती का वायुमण्डल प्रदूषित हो रहा है, इस प्रदूषण को दूर करने के लिए अग्निहोत्र कैसे सहायक है?

34. विद्या और अविद्या से आप क्या समझते हैं? आर्य समाज ने अविद्या के नाश के लिए क्या-क्या कार्य किए? (5)

**अथवा**

क्या हमें अपनी ही उन्नति की सोचकर संतुष्ट हो जाना चाहिए या परोपकारी जीवन जीना चाहिए?